Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 07-12-2006
Participants : Bishnoi Shri Jaswant Singh,Suman Shri Ramji Lal,Handique Shri Bijoy Krishna

an>

Title: Regarding shortage of fertilizers in the country.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद): अध्यक्ष महोदय, देश में खाद की भारी कमी है। इस सदन में हमारे दल के सांसद रेवती रमण सिंह जी ने सत्र के शुरु में यह मुद्दा उठाया था। इसके अलावा राजस्थान के भी सांसद प्रधान मंत्री जी से मिले थे और उन्होंने राजस्थान में खाद की किल्लत के बारे में चर्चा की थी। पूरे देश में खाद का संकट होने की वजह से रबी की फसल की बुवाई हुई, यह फसल काफी हद तक प्रभावित हुई है। इस बार 17 प्रतिशत ज्यादा गेहूं देश में बोया गया है। जब हम कृाि के संरक्षण और सं वर्द्धन की बात करते हैं, मुझे बेहद अफसोस है कि उत्पादन के लिए जो आवश्यक चीजें हैं, उनमें भी कोताही बरती जाती है और उनकी कोई व्यवस्था नहीं होती। हम आपका संरक्षण चाहते हैं। यह सदन इसलिए है कि लोगों की समस्याओं का निदान हो और लोग राहत महसूस करें। लेकिन बार-बार सदन में मुद्दा उठाए जाने के बाद भी सरकार से जो अपेक्षा की जाती है, सरकार उसके अनुकूल आचरण नहीं करती। खाद की इकाइयां बंद हैं। इसी सदन में रसायन और उर्वरक मंत्री राम विलास पासवान जी ने सदन को आश्वस्त किया था कि इन इकाइयों को तत्काल शुरू करने का काम होगा। लेकिन लगता है उन्हें शुरू करने के लिए सरकार गम्भीर नहीं है।

MR. SPEAKER: You only mention the matter. There cannot be a debate.

श्री रामजीलाल सुमन : मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा। भारत में गेहूं के उत्पादन में उत्तर प्रदेश का योगदान 35 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश में 2005-2006 में 259.9 लाख मीट्रिक टन रबी खाद्यान्न का उत्पादन हुआ था और 2006-2007 में उत्पादन का लक्ष्य 307.88 लाख मीट्रिक टन रखा गया है। मेरे कहने का मतलब यह है कि पिछले बार खाद की जितनी आवश्यकता थी, उससे ज्यादा इस बार है। [R18]

अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश में जो खाद की दिक्कत है उसके सिलसिले में उत्तर प्रदेश के प्रमुख-सचिव, उत्तर प्रदेश के कृाि-मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने भारत सरकार को बार-बार लिखा है कि हमारे यहां खाद का संकट है और इसके चलते हमारी फसलें प्रभावित हो रही हैं। मुझे बेहद अफसोस है कि उत्तर प्रदेश सरकार के निरंतर लिखने के बावजूद भी केन्द्र सरकार ने कोई सार्थक पहल नहीं की है, रेलवे के रैक की व्यवस्था नहीं कराई है। माननीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री यहां बैठे हैं। उत्तर प्रदेश में जो खाद की समस्या है उसे दूर करने के लिए केन्द्र सरकार क्या कर रही है?

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर): अध्यक्ष जी, माननीय रामजीलाल सुमन द्वारा उटाये गये अति लोक महत्व के मामले से मैं अपने को संबद्ध करता हूं।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI B.K. HANDIQUE): Sir, I will send him the reply later. … (*Interruptions*)

श्री रामजीलाल सुमन : अध्यक्ष जी, माननीय मंत्री जी जवाब देने के लिए तैयार हैं।

MR. SPEAKER: He has said that he will send you the reply.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: If you do like this, I will adjourn the House and go away.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing will be recorded except that the Minister has agreed to supply him the information.

*(Interruptions)** ...

MR. SPEAKER: Shri M.P. Veerendra Kumar

… (*Interruptions*)

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : अध्यक्ष जी, मंत्री जी बताना चाहते हैं।

अध्यक्ष महोदय : अभी नहीं बताने देंगे। There are 55 notices and every hon. Member wants a reply immediately. आपको स्टेटमेंट भेज देंगे, इन्होंने खुद बोला है।

… (*Interruptions*)